खबर संक्षेप



महाविद्यालय में रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम

बरही। शासकीय महाविद्यालय बरही में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में विद्यार्थियों में रक्तदान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विशेषज्ञ डॉ. पीयूष तिवारी ने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व, रक्त की आवश्यकता एवं रक्तदान से जुड़े विभिन्न भ्रांतियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। मेडिकल ऑफिसर डॉ. कविता त्रिपाठी ने बताया कि रक्तदान एक मानवीय एवं सामाजिक सेवा है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर जीवनरक्षक सहायता उपलब्ध कराई जा सकती है। डॉ. खुशबू जैन ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए "रक्तदान—महादान" का संदेश दिया गया। साथ ही युवाओं से समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया।

पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक 6 अक्टूबर को

कटनी। आगामी नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 6 अक्टूबर को शाम 4 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित की जाएगी। नवरात्रि पर्व के दौरान 11 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा स्थापना, 19 अक्टूबर को नवमी(जवारा विसर्जन) तथा 20 अक्टूबर को दशहरा(दुर्गा प्रतिमा विसर्जन) किया जाएगा। त्यौहारों के दौरान शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में बैठक में आवश्यक व्यवस्थाओं एवं तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित शांति समिति सदस्यों एवं आमंत्रित प्रतिनिधियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

जिले में अब तक 942.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

कटनी। जिले में 1 जून से 30 सितम्बर तक कुल 942.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 1110.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 1452.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 1181.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। कटनी तहसील में 872.0 मिलीमीटर, रीठी में 1121.9 मिलीमीटर, बड़वारा में 730.9 मिलीमीटर, बरही तहसील में 776.0 मिमी और विजयराघवगढ़ तहसील में 1005.9 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 855.8 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 1181.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 989.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है।

गरीब तबके और मजदूर वर्ग के लोगों को नियम विरूद्ध तरीके से करा रहे सफर

मजबूरी या मनमानी: पिकअप वाहनों में ओवर लोड सवारियों से हादसे का खतरा

कई बार हादसे होने के बाद भी नहीं चेत रहे जिम्मेदार, नियमों का खुला उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



यातायात नियमों को दरकिनार कर पिकअप वाहनों में ओवरलोड सवारियां बैठाकर लोगों की जान जोखिम में डालकर सफर कराया जा रहा है। खासकर मजदूर वर्ग के लोगों को इस तरह का सफर एक स्थान से दूसरे स्थान पर मजदूरी कराने के लिये ले जाया जाता है। सामान ढोने के लिए बनाए गए इन वाहनों में बड़ी संख्या में लोगों को बैठाकर सड़क पर दौड़ाया जा रहा है, जिससे यात्रियों की जान लगातार जोखिम में बनी हुई है। कई स्थानों पर पिकअप वाहन के पीछे खुले हिस्से में यात्रियों को बैठाकर तेज गति से वाहन चलाते हुए देखा जा सकता है। अचानक ब्रेक लगने, वाहन के अनियंत्रित होने या सड़क दुर्घटना की स्थिति में इन यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण लोग मजबूरी में ऐसे वाहनों का सहारा लेते हैं। वहीं, वाहन चालक अधिक सवारियां बैठाकर नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था के साथ-साथ यात्रियों की सुरक्षा पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग से ऐसे वाहनों की नियमित जांच नहीं करती जिससे लोगों की सुरक्षा दांव पर लगी रहती है। समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं करने से किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि कई बार ओवरलोड वाहन हादसे का शिकार हो चुके हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति तब सामने आती है, जब पिकअप वाहनों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग तक खड़े या खुले हिस्से में बैठकर यात्रा करते दिखाई देते हैं। ऐसे में एक छोटी सी लापरवाही बड़ा हादसा बन सकती है। अधिक सवारियां बैठाकर चालक एक ही फेरे में ज्यादा कमाई करने की कोशिश करते हैं। इसके चलते वाहन की निर्धारित क्षमता और यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी होती है। कई बार पिकअप में बैठने की जगह न होने पर लोग पीछे लटककर या खड़े होकर भी सफर करते नजर आते हैं।

सड़कों पर नियमित रूप से ऐसे वाहन गुजरने के बावजूद ओवरलोडिंग पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से यातायात और परिवहन विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हादसा होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय समय रहते ऐसे वाहनों पर रोक लगाई जानी चाहिए। पिकअप वाहनों में नियम विरूद्ध ओवरलोड सवारियां बैठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से मनमानी चल रही है।



रेबीज से बचाव के उपायों की दी जानकारी, किया टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष्य में जिला पशु चिकित्सालय, कटनी के प्रांगण में बुधवार को रेबीज बीमारी से बचाव के लिए प्रतिरोधक टीकाकरण एवं जन-जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान 42 स्वान एवं बिल्लियों का रेबीज से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया।

शिविर का उद्देश्य आमजन एवं पशुपालकों को रेबीज बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा पालतू पशुओं के समय पर टीकाकरण के महत्व की जानकारी देना रहा। इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा रेबीज के संक्रमण, लक्षण, बचाव के उपाय तथा पशु के काटने की स्थिति में अपनाई जाने वाली आवश्यक सावधानियों के संबंध में जागरूकता व्याख्यान दिया गया।

निःशुल्क रेबीज वैक्सीन

शिविर में ब्रिलियंट फार्मा द्वारा रेबीज वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। ब्रिलियंट फार्मा के प्रतिनिधि श्री गुलाम मुस्तफा भी शिविर में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। विभाग द्वारा निःशुल्क वैक्सीन उपलब्ध कराने एवं शिविर के आयोजन में सहयोग के लिए ब्रिलियंट फार्मा का आभार व्यक्त किया गया।

टीकाकरण कराने अपील

अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे अपने पालतू पशुओं का समय पर रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएं तथा रेबीज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति स्वयं जागरूक रहते हुए अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

राष्ट्रीय तंबाखू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण

तंबाखू से होने वाले नुकसान एवं विक्रय संबंधी प्रावधानों की दी विस्तृत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं तम्बाकू नियंत्रण कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बुधवार दोपहर 3 बजे से नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक सहित निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. चांदनी रिमझा द्वारा टोबेको सीजेशन सेंटर के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने तम्बाकू सेवन करने वाले व्यक्तियों को तम्बाकू छोड़ने हेतु उपलब्ध सेवाओं एवं परामर्श की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण सत्र में रोहित पालीवाल, संभागीय समन्वयक, MPVHA द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम तथा तम्बाकू नियंत्रण कानून सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम की विभिन्न धाराओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान COTPA-2003 की धारा 4 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध तथा उल्लंघन की स्थिति में 200 तक के जुर्माने के प्रावधान की जानकारी दी गई। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को तम्बाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंध, शैक्षणिक संस्थानों की 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित होने की जानकारी दी गई। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निगम अधिकारियों को संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर नियमों का पालन कराने की दिशा में कारगर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि मध्यप्रदेश में हुक्का बार का संचालन प्रतिबंधित है तथा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिबंधित हैं।

सांदीपनी विद्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



एक दिन एक पहल डिजिटल भविष्य की ओर बढ़े सैकड़ों कदम सायना ग्रुप की पहल पर समाज सेवी यश पाठक के नेतृत्व में संदीपनी विद्यालय करेला में छात्र-छात्राएं युवाओं के साथ Ai सोशल मीडिया और linkedIn के सकारात्मक सुरक्षित एवं जिम्मेदार इस्तेमाल को लेकर आयोजित संवाद एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामिल होकर छात्र छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में युवाओं ने डिजिटल दुनिया की नई संभावनाओं को समझा और जाना कि AI एवं सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल उनके हुनर सीखने और भविष्य के अवसरों को नई दिशा दे सकता है युवाओं का उत्साह बता रहा है कि सही मार्गदर्शन अवसर मिले तो गांव से भी Future Ready india की नई कहानी लिखी जा सकती है। यश पाठक ने कहा हुनर हर जगह अपनी पहचान बनाता है। किताबों में हो या मैदान में मेहनत करोगे तो नाम तुम्हारा ही होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आर के शुक्ला मंडल अध्यक्ष मनोज तिवारी सरपंच अमर सिंह फुद्दू यादव महामंत्री प्रकाश सिंह चंदेल श्याम राज सिंह पूर्व सरपंच प्रहलाद सोनी शरद शास्त्री अंजनी सिंह सरपंच लक्ष्मण सिंह, लखन विश्वकर्मा मौजूद रहे।

ठेका कर्मियों का शोषण, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलग अलग प्रकार के कार्यों का ठेका, प्रथम नेशनल सिक्योरिटी कंपनी को 2018 में दिया गया जो 31 अगस्त 2026 को समाप्त हो गया। इस ठेका कंपनी में लगभग 150 श्रमिक कार्यरत थे। भारतीय मजदूर संघ के द्वारा ठेका कंपनी की घोर विसंगतियों को लेकर,कलेक्टर को पत्र दिया गया ,जिसमें कंपनी के ऊपर न्यूनतम वेतन, पीएफ,ग्रेच्यूटी इत्यादि का भुगतान न करने पर सख्त कार्यवाही कर, ब्लैक-लिस्टेड करने की माँग की गई है।

पत्र में इस बात का भी उल्लेख है कि लेबर ऑफिसर के द्वारा ठेकेदार को लूट की खुली छूट दी गई थी। यही वजह है कि कई बार जाँच के नाम पर औपचारिकता की गई और कंपनी की ढाल बनकर,ठेकाकर्मियों का शोषण किया जाता रहा। मांग पत्र में इस बात का भी कहा गया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा,हर माह ठेकेदार के लाखों रुपये के बिल बाउचर पास कर श्रमिकों को ठगा गया। यह खेल लगभग साढ़े आठ वर्ष चला और शासकीय पदों में बैठे अधिकारियों के द्वारा, श्रम कानूनों का सरेआम उल्लंघन किया जाता रहा। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संभाग प्रभारी ने बताया ने बताया कि एक माह पूर्व 01 सितम्बर को सीएमएचओ को इस मामले में पत्र भी दिया गया किंतु उनके द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई,जिससे उनकी इस भ्रष्टाचार में संलिप्तता की पुष्टि होती है।

ठेकाकर्मियों के द्वारा भी कई बार श्रम अधिकारी और सीएमएचओ को इस संबंध में पत्र दिया गया किंतु दोनों अधिकारियों के द्वारा ठेका कंपनी पर कोई कार्यवाही नहीं की गई जिसके कारण श्रमिकों में घोर निराशा व्याप्त है। पत्र की एक प्रति श्रम मंत्री,पीएफ कमिश्नर, सहायक श्रमायुक्त को भी प्रेषित की गई है।

मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर किया प्रदर्शन

कांग्रेसजनों ने किया प्रदर्शन, भाजपा एवं चुनाव आयोग के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बुधवार को जिला कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त नेतृत्व में मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक कुंवर सौरभ सिंह तथा शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला की अगुवाई में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता पुरानी कचहरी स्थित लक्ष्मीबाई स्मारक के पास एकत्र हुए। यहां से कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च शुरू किया जो सुभाष चौक, गोल बाजार, सिल्वर टॉकीज, झंडा बाजार, सराफा बाजार, जैन मंदिर, रुई बाजार एवं कपड़ा बाजार होते हुए पुनः सुभाष चौक, थाना तिराहा और स्टेट बैंक मार्ग से पुरानी कचहरी पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार, भाजपा और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

प्रदर्शन में कुछ कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुखौटे लगाकर भी शामिल हुए। पैदल मार्च के पुरानी कचहरी पहुंचने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन समाप्त होने के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। प्रदर्शन में कटनी शहर के साथ विजयराघवगढ़ और बहोरीबंद क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक बसंत सिंह, प्रियदर्शन गौर, विजय पटेल, गणेश राव, लल्ला महाराज, राजा जगवानी, गुड्डू द्विवेदी, अंशु मिश्रा, अजय गर्ग, रविन्द्र सिंह छोटू, विकास निगम, नरेंद्र सैनी, आनंद मिश्रा, प्रदीप त्रिपाठी, चिंतामणि तिवारी, रमाकांत दुबे, अजय सिंह, मोहित शर्मा, गुड्डू बडगैया, श्रीकांत गुप्ता, नीरज पटेल, नदीम अहमद, संतोष पटेल, रंजीत सिंह, मनोज गुप्ता, रजनी वर्मा, सौम्या रांधेलिया, अजय खटीक, राजेश जाटव, जितू गुप्ता, अजय जैसवानी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पोषण सुधार तक हर कदम का रहेगा डिजिटल रिकॉर्ड

कुपोषित बच्चों की मदद अब होगी ट्रैक, 'भावनी बताएगा कितनी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुपोषण के खिलाफ मध्यप्रदेश में सरकारी प्रयासों के साथ अब समाज, स्वयंसेवी संस्थाओं और दानदाताओं की भागीदारी को तकनीक के माध्यम से जोड़ने की पहल की गई है। 'भावनी' पोर्टल ऐसा डिजिटल मंच है, जो पोषण संबंधी आवश्यकता वाले बच्चों को मार्गदर्शकों, सहयोगी संस्थाओं और दानदाताओं से पारदर्शी तरीके से जोड़ने का काम करता है। पोर्टल का उद्देश्य केवल किसी बच्चे तक सहायता पहुंचाना नहीं, बल्कि सहायता मिलने के बाद उसकी पोषण स्थिति में हुए बदलाव की निरंतर निगरानी और मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना भी है।

पहचान छिपेगी, जरूरत सामने होगी

'भावनी' पोर्टल पर महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रणालियों से सत्यापित बाल आंकड़े प्राप्त किए जाते हैं। बच्चों की निजता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उनकी व्यक्तिगत पहचान सार्वजनिक नहीं की जाती। पोर्टल पर बच्चों की जानकारी अनाम रूप में प्रदर्शित होती है, ताकि जरूरतमंद बच्चे तक सहायता पहुंचने के साथ उसकी गोपनीयता भी सुरक्षित रहे।

बच्चे की जरूरत के अनुसार तय होती है सहायता

'भावनी' पोर्टल पर मार्गदर्शक समग्र पहचान क्रमांक के साथ अथवा उसके बिना पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन के बाद वे अपने क्षेत्र में उपलब्ध बच्चों की सूची देख सकते हैं और बच्चे की पोषण स्थिति तथा आवश्यकता के अनुसार उसका चयन कर सकते हैं। सहायता का प्रकार, कितनी बार सहायता दी जाएगी और सहायता से संबंधित अन्य विवरण दर्ज करने के बाद संबंधित बच्चे के लिए विशिष्ट सहायता पहचान क्रमांक तैयार होता है।

इस व्यवस्था से सहायता को सामान्य रूप से वितरित करने के बजाय बच्चे की वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप लक्षित किया जा सकता है। इससे सहयोग करने वाले व्यक्ति या संस्था को भी यह स्पष्ट रहता है कि सहायता किस उद्देश्य से और किस प्रकार उपलब्ध कराई जा रही है।

सहायता के बाद भी मॉनिटरिंग

'भावनी' पोर्टल की विशेषता यह है कि इसमें सहायता उपलब्ध कराने के बाद प्रक्रिया समाप्त नहीं होती। 'मेरे बच्चों की सूची' के माध्यम से मार्गदर्शक संबंधित बच्चों को दी जा रही सहायता की स्थिति तथा उनकी पोषण संबंधी प्रगति का अनुश्रवण कर सकते हैं।

निर्धारित साप्ताहिक अथवा मासिक अंतराल पर बच्चे की स्थिति को अद्यतन किया जाता है। प्रत्येक प्रविष्टि में सहायता की तिथि, सहायता का स्वरूप, बच्चे की पोषण स्थिति, अवलोकन और उपलब्ध प्रमाण दर्ज किए जाते हैं। इससे बच्चे की सहायता और उसकी प्रगति का व्यवस्थित अभिलेख तैयार होता है।

सरकार और समाज के बीच बनेगा सेतु

'भावनी' पोर्टल सरकारी तंत्र और समाज के बीच समन्वय स्थापित करने का माध्यम भी है। प्रशासनिक स्तर पर पंजीकृत मार्गदर्शकों, सहयोगी संस्थाओं तथा उनसे जुड़े बच्चों की जानकारी देखी जा सकती है। इससे विभाग को यह जानने में सुविधा होती है कि किन बच्चों को सहयोग मिल रहा है और उनकी पोषण स्थिति में क्या परिवर्तन आया है। इस व्यवस्था में समाज के विभिन्न वर्ग अपनी क्षमता के अनुसार योगदान कर सकते हैं। मार्गदर्शक, सामाजिक संस्थाएं और दानदाता जरूरतमंद बच्चों की पहचान के बाद उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहयोग उपलब्ध करा सकते हैं। इस प्रकार कुपोषण से निपटने के सरकारी प्रयासों को सामुदायिक सहभागिता से और व्यापक बनाया जा सकता है।

जनगणना की द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर दिया प्रशिक्षण, प्रक्रिया से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत नगर पालिक निगम कटनी में बुधवार को जोनल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। एमआईसी हॉल में प्रातः 11 बजे से आयोजित प्रशिक्षण में शासन द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर सुश्री दीपिका कुमारी एवं अनामिका यादव द्वारा मकान सूचीकरण ब्लॉकों (HLB) से जनसंख्या की गणना हेतु गणना ब्लॉकों के गठन एवं संक्षिप्त मकान सूची की तैयारी से संबंधित प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से तैयारी, गणना ब्लॉकों के गठन, मकान सूचीकरण तथा संबंधित दायित्वों के निर्वहन के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य के लिए नियुक्त जोनल चार्ज जनगणना अधिकारियों एवं चार्ज जनगणना अधिकारी को उनके निर्धारित वार्डों के अनुरूप कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया।

जनगणना 2027 के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपादित किए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रशिक्षण के दौरान नगर जनगणना अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, जोनल चार्ज जनगणना अधिकारी एवं उपायुक्त श्रीमती प्रियंका झारिया, कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, अंशुमान सिंह तथा चार्ज जनगणना अधिकारी उमेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



धरे गये दो बदमाश, चोरी के 4 सबमर्सिबल मोटर पंप बरामद

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र के कांटी गांव में खेतों से लगातार मोटर पंप चोरी हो रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर 4 सबमर्सिबल मोटर पंप बरामद किए हैं। थाना प्रभारी सुयेश पांडे ने बताया कि 25 सितंबर की रात कांटी गांव के खेतों से पंप चोरी की शिकायत मिली थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मुखबिरों से जानकारी जुटाई। सबूतों के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर छापा मारा गया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी कबूल की। राजेंद्र उर्फ मंजल राठौर (36) और करन सिंह ठाकुर (32) को कानूनी कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई से किसानों को राहत मिली है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुयश पांडे, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आर नीलेश दुबे रक्षक गौरीशंकर आदि शामिल रहे।

बकाया कर जमा नहीं करने पर काटे नल कनेक्शन

कटनी। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा जलकर के बकायेदार उपभोक्ताओं को जलकर राहत योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रयास किए जा रहे हैं। योजना के अंतर्गत बकाया जलकर की कुल राशि का 50 प्रतिशत एकमुश्त जमा करने पर शेष 50 प्रतिशत राशि की छूट प्रदान की जा रही है। योजना को नागरिकों का सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना से लाभान्वित करने के लिए निगम का वसूली अमला घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया, इसके अतिरिक्त सुभाष चौक में आयोजित शिविर सहित निगम एवं जोन कार्यालय के माध्यम से उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी देकर बकाया राशि जमा करने के लिए प्रेरित कर कुल 147 बकायेदार उपभोक्ताओं को योजना से लाभान्वित किया गया। लंबे समय से बकाया जलकर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को राशि जमा करने के लिए सूचित किया जा रहा है। इसके बावजूद मंगलवार को बकाया राशि जमा नहीं करने वाले 23 बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई भी की गई।

करंट लगने से मौत

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम अतरिया में बिजली का करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अतरिया निवासी राजीव लोचन मिश्रा 48 वर्ष के रूप में हुई है। यह हादसा 30 सितंबर की दोपहर लगभग 2:00 बजे मृतक के घर के पीछे स्थित खेत में मोटर पंप के पास हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पोषण, शिक्षा और सम्मान के केंद्र बिंदु बने आंगनवाड़ी

कटनी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कलेक्टर आशीष तिवारी के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों का उद्देश्य है कि ज़िलें के आंगनवाड़ी केंद्र पोषण, शिक्षा और सम्मान के सशक्त केंद्र बनें। परियोजना कटनी शहरी में राम कृष्ण परमहंस वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम अंतर्गत संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती सपना सरावगी, श्रीमती अनुपमा आटे, परियोजना अधिकारी, विभागीय कर्मचारियों एवं स्थानीय जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना एवं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के हितग्राहियों से संवाद किया गया।महिलाओं द्वारा विभागीय योजनाओं के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं उनके जीवन में आये सकारात्मक परिवर्तन के अनुभव साझा किये गये।

कलेक्टर के निर्देश पर औषधि प्रशासन विभाग ने मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध की कार्रवाई

आधा दर्जन मेडिकल स्टोर्स में मिली कमियां व अनियमितताएं, संचालकों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में मेडिकल स्टोर्स द्वारा औषधियों के विक्रय, भंडारण एवं वितरण में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने, मेडिकल स्टोर्स का नियमित निष्पक्ष व जाँच करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में औषधि प्रशासन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में विभागीय टीम द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण कर औषधियों के विक्रय अभिलेख, भंडारण व्यवस्था, रख-रखाव एवं साफ-सफाई सहित आवश्यक वैधानिक दस्तावेजों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में विभिन्न कमियां एवं अनियमितताएं सामने आने पर संबंधित संचालकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

इन मेडिकल स्टोर्स में कार्रवाई

औषधि प्रशासन विभाग के निरीक्षण में जिन मेडिकल स्टोर्स में नियमों के तहत कमिया मिली उनमें बसंत मेडिकल एजेंसी हीरागंज, लकी फार्मा हीरागंज, भभूती मेडिकल स्टोर्स माधवनगर, मोहित फार्मानिक माधवनगर तथा श्री जय मेडिकल स्टोर्स माधवनगर शामिल है।

दुरुपयोग की संभावना वाली औषधियों के विक्रय अभिलेखों में मिली अनियमितताएं

निरीक्षण के दौरान विशेष रूप से ऐसी औषधियों के विक्रय अभिलेखों की जांच की गई, जिनका नशीले पदार्थ के रूप में दुरुपयोग किए जाने की संभावना रहती है। जांच में कुछ प्रतिष्ठानों के विक्रय अभिलेखों में अनियमितताएं पाई गईं। इसके अलावा कुछ मेडिकल स्टोर्स में साफ-सफाई का उचित स्तर नहीं पाया गया तथा औषधियों का रख-रखाव एवं भंडारण निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला।

एमटीपी किट्स एवं सिडूयल एचएच-1 औषधियों की हुई जांच

निरीक्षण के दौरान एमटीपी किट्स तथा सिडूयल एच एवं सिडूयल एच-1 के अंतर्गत आने वाली औषधियों के विक्रय, अभिलेख संधारण एवं भंडारण व्यवस्था की भी जांच की गई। विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया कि ऐसी औषधियों के विक्रय एवं अभिलेखों के संधारण में निर्धारित वैधानिक प्रावधानों का पालन किया जाना आवश्यक है।

कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण में पाई गई कमियों एवं अनियमितताओं के संबंध में संबंधित मेडिकल स्टोर्स को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित संचालकों को निर्धारित समयावधि में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राप्त स्पष्टीकरण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा अन्य लागू वैधानिक प्रावधानों के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के सभी औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वे औषधियों का विक्रय एवं भंडारण निर्धारित नियमों के अनुरूप ही करें। विशेष रूप से दुरुपयोग की संभावना वाली औषधियों, एमटीपी किट्स तथा सिडूयल एच एवं सिडूयल एच-1 औषधियों के विक्रय एवं संबंधित अभिलेखों का उचित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

धोखाधड़ी एवं ठगी के 5 मामलों में लाखों रूपये की लगाई चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में आनलॉइन ठगी एवं साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं कुछ दिनों से अधिक हो रही है। आये दिन शातिर जालसाज किसी न किसी को आर्थिक चपत लगा रहे हैं। जिले के कोतवाली, माधवनगर, कैमोर और बरही थाना क्षेत्रों में साइबर फ्रॉड और धोखाधड़ी के 5 अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं।

माधवनगर थाना क्षेत्र के हरदुआ पहाड़ी (निवार) निवासी लालबहादुर सिंह कुशवाहा 47 वर्ष के साथ लाखों रुपये की साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। 11 सितंबर की सुबह लगभग 11:00 बजे अज्ञात ठग ने प्रार्थी के बैंक खाते में सेंध लगाकर कुल 2,46,000 रुपये की राशि अवैध रूप से निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। इसी तरह कैमोर के वार्ड नंबर 14 अमरैयापार निवासी रफीक खान 50 वर्ष साइबर अपराध का शिकार बन गए। 5 सितंबर की शाम 7:00 बजे अज्ञात साइबर ठग ने धोखाधड़ी कर पीड़ित के बैंक खाते से 93,591 रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर कैमोर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया गया। बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बरन महगवां निवासी दीपक पूरी गोस्वामी 47 वर्ष को अज्ञात ठग ने अपना शिकार बनाया। 19 अगस्त 2026 की दोपहर 3:42 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा झांसा देकर और साइबर माध्यमों का दुरुपयोग कर पीड़ित के खाते से 61,900 रुपये उड़ा लिए गए। शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई है। कैमोर थाना क्षेत्र में 19 सितंबर की सुबह 9:40 बजे वार्ड नंबर 7 विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी राजेश सोनी 63 वर्ष)एसबीआई एटीएम से पैसे निकालने गए थे। वहां मौजूद अज्ञात शातिर ने मदद के बहाने छल से उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से 40,000 रुपये निकाल लिए। थाना कैमोर में अपराध दर्ज कर जांच जारी है। कोतवाली थाना क्षेत्र में 14 अगस्त 2026 को झूलेलाल मंदिर के पास कन्हैयालाल मंगलानी 51 वर्ष के साथ भी 40,000 रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया, जिस पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है।

सफाई मित्रों की सुरक्षा एवं सम्मान को दी गई प्राथमिकता

महापौर ने सुरक्षा किट वितरित कर सुरक्षित कार्यप्रणाली एवं स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा नगर निगम परिसर स्थित एमआईसी हॉल में बुधवार को सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सफाई मित्रों को कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपायों एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक करने के साथ उनके योगदान के लिए सम्मानित एवं उत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा सफाई मित्रों को सुरक्षा किट का वितरण किया गया। इस दौरान सफाई मित्रों को कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरणों का नियमित एवं उचित उपयोग करने तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली अपनाने की सलाह दी गई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सफाई मित्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

शिविर के दौरान सफाई मित्रों को कार्य के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों, सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग, सुरक्षित तरीके से कार्य करने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्हें प्रेरित किया गया कि वे निर्धारित सुरक्षा सामग्री का उपयोग करते हुए सावधानीपूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

सम्मान का भी संदेश

कार्यक्रम में सफाई मित्रों द्वारा नगर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की गई। उनके योगदान को रेखांकित करते हुए सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश भी दिया गया कि स्वच्छ शहर के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान को समान रूप से प्राथमिकता दी जा रही है।

कार्यक्रम में मेयर-इन-काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ. रमेश सोनी, उमेंद्र अहिरवार, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद शशिकांत तिवारी, गोविंद चावला, श्रीमती शकुंतला सोनी एल्डरमैन नरेश अग्रवाल, समाजसेवी अज्जू सोनी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं नोडल अधिकारी आदेश जैन सहित निगम के अधिकारीगण मौजूद रहे।

घर घर जाकर नागरिकों को किया जा रहा जागरूक



नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत नागरिकों को कचरा पृथक्करण के प्रति जागरूक करने का अभियान जारी है। नगर निगम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर एवं संस्थानों तक पहुंचकर नागरिकों को कचरे के उचित प्रबंधन तथा स्रोत स्तर पर ही कचरा अलग-अलग रखने की जानकारी प्रदान की गई। अभियान के अंतर्गत कुल 160 घरों एवं संस्थानों को सेग्रीगेशन के लिए समझाइश दी गई। अभियान के दौरान क्षेत्र क्रमांक 01 में 25, क्षेत्र क्रमांक 03 में 15, क्षेत्र क्रमांक 04 में 25, क्षेत्र क्रमांक 06 में 50 तथा क्षेत्र क्रमांक 07 में 45 घरों एवं संस्थानों तक पहुंचकर नागरिकों को कचरा पृथक्करण के महत्व से अवगत कराया गया। इस दौरान लोगों को गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग रखने तथा निर्धारित कचरा संग्रहण व्यवस्था का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

ग्राम पंचायतों के कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में संचालित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की मैदानी स्थिति का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। VB-G RAM G योजना के परियोजना अधिकारी ऋषि राज चढ़ार ने विकासखंड बड़वारा की ग्राम पंचायत निगहरा, बरछेका, बनहरा एवं अमाड़ी का भ्रमण कर योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान परियोजना अधिकारी श्री चढ़ार ने निर्माण कार्यों में कार्यरत ग्रामीण श्रमिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर मजदूरी भुगतान एवं कार्य की स्थिति की जानकारी ली।

श्रमिकों ने बताया कि VB-G RAM G योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में उन्हें 300 रुपये प्रतिदिन की मजदूरी प्राप्त हो रही है। अधिकारियों द्वारा श्रमिकों से कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं एवं उपस्थिति दर्ज किए जाने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान मेट सुश्री सुलोचना ने NMMS के माध्यम से श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज करने में लगने वाले समय के संबंध में अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि सुबह एवं शाम दोनों समय कार्य करने वाले श्रमिकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। अधिकारियों ने कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं योजना के निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप कार्य संचालन की जानकारी भी प्राप्त की।

जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार अधिकारियों द्वारा किए जा रहे इस तरह के क्षेत्रीय भ्रमण का उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना, श्रमिकों की समस्याओं को समझना तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की निगरानी सुनिश्चित करना है।

कामकाजी अभिभावकों को मिलेगी राहत, खेल खेल में सीखेंगे बच्चे

पालन घर का शुभारंभ, 2 से 6 वर्ष तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास की होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कामकाजी अभिभावकों की सुविधा और उनके नन्हे बच्चों की बेहतर देखभाल की दिशा में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए टी.सी. बाजार स्कूल परिसर में 'पालन घर' का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार को विधिवत शुभारंभ कर इस सुविधा का लोकार्पण किया। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने इस पहल के माध्यम से बच्चों के सुरक्षित एवं उज्ज्वल भविष्य की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया।

पालन घर में 2 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं आनंदमय वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। यहां बच्चों की उम्र और रुचि के अनुरूप खेल सामग्री, शैक्षणिक गतिविधियों तथा रचनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उनके सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाएगा। बच्चों को पौष्टिक आहार, उचित देखभाल और प्रशिक्षित स्टाफ की निगरानी में रहने की सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहित करने वाली गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

पालन घर की शुरुआत से उन अभिभावकों को विशेष राहत मिलेगी, जिन्हें कामकाज के दौरान अपने छोटे बच्चों की देखभाल को लेकर चिंता रहती है। अब वे अपने बच्चों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में छोड़कर निश्चिंत होकर अपने कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। यह पहल बच्चों की देखभाल के साथ-साथ अभिभावकों को गुणवत्तापूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में निगम प्रशासन का सार्थक प्रयास है।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार की पहल पर शुरू की गई इस सुविधा का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही सीखने, खेलने और अपनी प्रतिभा विकसित करने के अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। पालन घर में बच्चों को स्नेहपूर्ण देखभाल के साथ ऐसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जो उनके व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव तैयार करने में सहायक होंगी।

इस अवसर पर उपायुक्त प्रियंका झरिया,एमआईसी सदस्य सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद वंदना यादव,एल्डरमैन नरेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

कई स्कूलों में जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित

'कबाड़ से जुगाड़' ने विद्यार्थियों को सिखाया अनुपयोगी वस्तुओं का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्वच्छ एवं सुंदर शहर का निर्माण केवल सफाई व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव विकसित करना भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से स्वच्छता ही सेवा अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी की सहयोगी संस्था द्वारा शहर के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के साथ ही उन्हें पर्यावरण संरक्षण, कचरे के उचित प्रबंधन और जनभागीदारी की भूमिका के प्रति जागरूक किया गया।

विद्यालयों में आयोजित इन कार्यक्रमों में कहीं चार बिन के माध्यम से कचरे को अलग-अलग रखने की जानकारी दी गई, तो कहीं चित्रकला प्रतियोगिता एवं कबाड़ से जुगाड़ जैसी रचनात्मक गतिविधियों के जरिए विद्यार्थियों को स्वच्छता का व्यावहारिक संदेश दिया गया। बच्चों को यह समझाने का प्रयास किया गया कि स्वच्छता केवल सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की दैनिक आदतों और सामूहिक सहभागिता से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है।

वार्ड क्रमांक 25 स्थित साधु राम स्कूल तथा कनकने स्कूल में स्वच्छता से समृद्धि गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों को कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन एवं पृथक्करण की जानकारी दी गई। इस दौरान चार बिन प्रणाली के माध्यम से गीले, सूखे, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल वाले कचरे को अलग-अलग रखने की प्रक्रिया समझाई गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि घरों एवं विद्यालयों में ही कचरे का सही पृथक्करण करने से उसके संग्रहण, प्रसंस्करण एवं उचित निपटान में सुविधा होती है।

चित्रों में उकेरे स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश

स्वच्छता सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 स्थित पूरवार स्कूल में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ शहर की परिकल्पना को चित्रों में उकेरा। रंगों और कल्पनाओं के जरिए प्रस्तुत किए गए संदेशों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और उसे व्यवहार में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषय से रचनात्मक तरीके से जोड़ने का प्रयास किया गया। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 4 स्थित जैन नर्सरी इंग्लिश मीडियम स्कूल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत जागरूकता गतिविधि के साथ 'कबाड़ से जुगाड़' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को अनुपयोगी सामग्री से उपयोगी एवं आकर्षक वस्तुएं तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। गतिविधि के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि कई ऐसी वस्तुएं जिन्हें हम बेकार समझकर फेंक देते हैं, उनका रचनात्मक उपयोग कर दोबारा काम में लाया जा सकता है।

गोंड आदिवासी परिवारों को वन अधिकार पट्टा दिलाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड ढीमरखेड़ा क्षेत्र के सैकड़ों गोंड आदिवासी परिवारों के पात्र व्यक्तियों को वन अधिकार पट्टा दिलाए जाने की मांग को लेकर जिला पंचायत के वरिष्ठ सदस्य एवं मध्यप्रदेश जिला पंचायत सदस्य संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय गोटिया ने कलेक्टर आशीष तिवारी से भेंट की। उन्होंने क्षेत्र की वस्तुस्थिति से कलेक्टर को अवगत कराते हुए पात्र हितग्राहियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उनके अधिकारों का लाभ दिलाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

पात्र आवेदनों पर शीघ्र होगी विधि-संगत कार्रवाई

श्री गोटिया ने बताया कि ढीमरखेड़ा विकासखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गोंड आदिवासी परिवार लंबे समय से वन अधिकार पट्टा प्राप्त करने की प्रक्रिया से जुड़े हुए हैं।

उन्होंने पुनः भौतिक सत्यापन एवं परीक्षण कराया जाकर पात्र परिवारों के आवेदनों के निराकरण तथा नियमानुसार वन अधिकार पट्टा दिलाए जाने की आवश्यकता पर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए आश्वस्त किया कि प्राप्त आवेदनों की नियमानुसार जांच एवं परीक्षण कर यथाशीघ्र विधि-संगत कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक विमल चौरसिया भी उपस्थित रहे।

शून्य नदी महादेव घाट और बनवार के बड़े घाट पर आस्था का सैलाब

पितरों को अर्पित की जलांजलि

बीच जलधारा में विराजे भोलेनाथ के दर पर उमड़ी भीड़; रोंड, मानगढ़ और पटना क्षेत्र से विधि-विधान से पिंडदान करने पहुंचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार



सनातन परंपरा में पितृपक्ष का विशेष धार्मिक महत्व है, जिसमें वंशज अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट करते हैं। इसी कड़ी में बनवार क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल रोंड महादेव घाट (शून्य नदी) और व्यारमा नदी के बड़े घाट पर पितरों का तर्पण करने के लिए श्रद्धालुओं का विशाल जमावड़ा देखने को मिल रहा है। शून्य नदी की बीच जलधारा में स्वयं भगवान भोलेनाथ विराजमान हैं, जिसके कारण इस घाट को अत्यंत पवित्र और क्षेत्र की अगाध आस्था का केंद्र माना जाता है।

पवित्र तट पर मंत्रोच्चार के साथ दी जलांजलि

अलसुबह से ही रोंड, मझगवां मानगढ़, पटना मानगढ़ सहित आसपास के दर्जनों गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान किया। मान्यता है कि शून्य नदी के इस पावन तट पर तर्पण करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीर्थ पुरोहित पंडित बृजेश तिवारी ने श्रद्धालुओं को विधि-विधान से पूजन करवाकर जलांजलि दिलवाई और श्राद्ध पक्ष में दान-धर्म तथा पितृ ऋण से मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

घाटों पर दिनभर बना रहा आध्यात्मिक माहौल

महादेव घाट और बड़े घाट पर दिनभर श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रही। दूर-दराज के गांवों से आए लोगों ने शांतिपूर्ण वातावरण में पूजा-अर्चना की और अपने पूर्वजों का स्मरण कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

प्राचार्य की मनमानीः बिना सहमति बनाई समिति, फर्जी तरीके से खोल दिया बैंक खाता

ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत, निष्पक्ष जांच कर प्राचार्य और फर्जी अध्यक्ष को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जबेरा

जिले की जबेरा तहसील अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भाटखमरिया में पदस्थ प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। प्राचार्य पर स्कूल में नियम-विरुद्ध तरीके से समिति का गठन करने, बिना सहमति के अध्यक्ष चुनने और फर्जी तरीके से बैंक खाता खुलवाने के गंभीर आरोप लगे हैं। मामले को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की गुहार लगाई।

बिना सदस्यों की मौजूदगी में कागजों पर बना दी समिति

गांव के निवासी सुरेन्द्र मेहरा और चेतराम यादव ने बताया कि प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर ने एस.टी.एस. (STS) योजना के तहत बीते 4 मार्च 2026 को एक समिति का गठन किया था। आरोप है कि इस समिति में जिन ग्रामीणों के नाम शामिल किए गए, उनसे न तो कोई सहमति ली गई और न ही उन्हें किसी बैठक में बुलाया गया। इसके बाद 9 सितंबर 2026 को नियमों को दरकिनार करते हुए अवैध रूप से समिति का अध्यक्ष भी तय कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्राचार्य ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सदस्यों को अंधेरे में रखा और बिना किसी की अनुमति के समिति का बैंक खाता भी खुलवा लिया। इस पूरे फर्जीवाड़े से आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की सूक्ष्मता एवं निष्पक्षता से जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि नियम-विरुद्ध बनाई गई समिति के अवैध अध्यक्ष और धांधली करने वाले प्राचार्य कमल सिंह ठाकुर को तत्काल प्रभाव से पद से हटाया जाए तथा दोषियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने ज्ञापन के साथ उन सदस्यों की सूची भी सौंपी है जिनके नाम बिना सहमति समिति में जोड़े गए हैं।

विधि-विधान से जल अर्पित कर पितरों से की क्षमा याचना



तेंदूखेड़ा। पितृपक्ष के चौथे दिन नगर मै स्थित गौरैया नदी के घाट पर श्रद्धालुओं ने अपने पितरों का तर्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक जल अर्पित किया। इस दौरान लोगों ने विधि-विधान के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करते हुए अपने पूर्वजों का स्मरण किया और उनसे जाने-अनजाने में हुई भूलों के लिए क्षमा याचना की। पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा का विशेष महत्व माना जाता है। इसी परंपरा के निर्वहन के लिए सुबह से ही गौरैया नदी घाट पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। लोगों ने नदी के तट पर बैठकर अपने पितरों के निमित्त तर्पण किया और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पंडित भरत प्रसाद अवस्थी ने श्रद्धालुओं को विधि-विधान से तर्पण कराया तथा धार्मिक परंपराओं के अनुसार पितरों को जल अर्पित करवाया। श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा के साथ अनुष्ठान में भाग लिया। पितृपक्ष के इन दिनों में गौरैया नदी घाट पर प्रतिदिन लोग अपने पूर्वजों की स्मृति में तर्पण करने पहुंच रहे हैं। यह परंपरा नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान, संस्कार और पारिवारिक परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश भी देती है।

कृषि मंडी में अव्यवस्थाओं के आरोप, फिर भी कार्रवाई नहीं

पथरिया। जिले की दूसरी बड़ी कृषि उपज मंडी के रूप में पथरिया मंडी में पथरिया सहित आसपास की तहसीलों से बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर पहुंचते हैं। अच्छी आवक के बावजूद मंडी में किसानों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिलने के आरोप सामने आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि मंडी प्रशासन और व्यापारियों के बीच प्रभावी नियंत्रण का अभाव दिखाई देता है।किसानों का आरोप है कि मंडी में किसी व्यापारी की शिकायत करने पर उनकी समस्या का स्थायी निराकरण करने के बजाय संबंधित व्यापारी को फोन कर मामला शांत कराने का प्रयास किया जाता है। इसके बाद किसान को ही व्यापारी के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे किसानों में नाराजगी बनी हुई है।मंडी में साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं पर होने वाले खर्च को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि कागजों में साफ-सफाई एवं विद्युत सामग्री के बिल दर्ज हैं, लेकिन मंडी परिसर में पहुंचने पर व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति अलग नजर आती है। मंडी परिसर में पर्याप्त कर्मचारी होने के बावजूद नियमित कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।किसानों का आरोप है कि मंडी का अधिकांश काम ठेका कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है, जबकि नियमित कर्मचारियों की उपस्थिति और कार्यप्रणाली की प्रभावी निगरानी नहीं हो रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।किसानों ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि पथरिया कृषि उपज मंडी का बिना पूर्व सूचना आकस्मिक निरीक्षण कराया जाए। साथ ही मंडी में कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, विद्युत सामग्री पर होने वाले व्यय, किसानों की शिकायतों के निराकरण तथा मंडी की समग्र व्यवस्थाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

कांस में सफेद फूल लग रहे मनमोहक



हटा। फूलै कांस सकल महि छाई, जनु बरसा कृत प्रकट बुढाई, यह पंक्तियां गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीराम चरित मानस की है। गोस्वामी तुलसीदास ने इस चौपाई के माध्यम से बताया कि जब बरसात के मौसम में जगह जगह कांस में सफेद फूल आने लगे तो इसे प्रकृति का संकेत माना जाए कि अब बरसा ऋतु की विदाई का समय आ गया है और शरद ऋतु का आगमन होने वाला है। इलाके में भी इन दिनों खेतों की मेडों , नदी, तालाबों के किनारों पर और खाली पड़ी भूमि पर लगे कांस में सफेद फूल आ गए हैं और कांस इस तरह फूल रहा है कि लगता है धरती ने सफेद चादर ओढ ली हो।

हर घर जल उत्सव कार्यक्रम संपन्न



दमोह। जिले के ग्राम पंचायत रनेह में हर घर जल उत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य एवं मध्य प्रदेश जल निगम से मनोज राज और जिंदल फार्म से स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन की शुरुआत श्री शुक्ला के द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने अवगत कराया की गांव के प्रत्येक घर में हर घर जल योजना के अंतर्गत पानी पहुंचाया जा रहा है साथ ही मनोज राज के द्वारा प्रतिमाह 100 जलकर राशि के बारे में अवगत कराया और कहा ऑनलाइन प्रक्रिया के द्वारा यह प्रति महीना पेमेंट जमा कर सकते हैं, इस प्रकार हर घर जल उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया और सभी ग्रामीण वासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हुआ जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र की समस्त स्टाफ के द्वारा विशेष भूमिका रही।

तेंदूखेड़ा में 5 पेटी अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



तेंदूखेड़ा। सागर जिले के बंडा में अवैध और जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद भी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बुधवार तड़के करीब 5 बजे भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा के कार्यकर्ताओं ने ग्राम हर्रई स्थित गुरैया पुल के पास घेराबंदी कर एक युवक को कथित तौर पर अवैध शराब की खेप के साथ पकड़ा। बाद में उसे शराब सहित पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान लोचन उर्फ प्रभु लोधी (26), निवासी पांजी पिडरई के रूप में हुई है। बताया गया कि वह होंडा मोटरसाइकिल से शराब लेकर जा रहा था। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 150 पाव लाल मसाला और 100 पाव देशी प्लेन शराब, कुल पांच पेटियां बरामद होने की बात सामने आई है। संगठन के कार्यकर्ताओं के अनुसार पूछताछ में युवक ने कथित तौर पर बताया कि वह शराब ठेके के मैनेजर के कहने पर शराब की खेप लेकर रामदेही गांव में सरमन घोषी के घर रखने जा रहा था। आरोपी ने यह भी बताया कि चार-पांच युवक रात करीब 2 बजे से अलग-अलग गांवों में शराब की सप्लाई करने के लिए निकलते हैं। हालांकि इन आरोपों और कथित खुलासे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट होगी। घटना की सूचना मिलने के बाद तेंदूखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मिली शराब और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई किन स्थानों पर की जानी थी। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक तेजी सिंह लोधी ने घटना पर आक्रोश जताते हुए कहा कि नशा विरोधी अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों के बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की बिक्री पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि तेंदूखेड़ा तहसील के कई गांवों में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है और प्रशासन को इस दिशा में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। घटना के बाद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और सप्लाई को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। अब पुलिस जांच और आबकारी विभाग की कार्रवाई से यह स्पष्ट होगा कि बरामद शराब की खेप कहां से आई और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं।

गर्भवती महिलाओं और माताओं को दी पोषण संबंधी जानकारी

तेंदूखेड़ा। शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को वार्ड क्रमांक 3 एवं वार्ड क्रमांक 10 स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को पोषण, संतुलित आहार और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही घर एवं आसपास साफ-सफाई रखने, बच्चों को नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्र भेजने तथा केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली छह प्रमुख सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इनमें लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में हितग्राहियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण भी किया गया। जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन, उपाध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद नामदेव, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी राजू नामदेव, पर्यवेक्षक नंदराम अहिरवार तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं भी कार्यक्रम में शामिल रहीं। आयोजन के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।



छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ ने लगाए पौधे



तेंदूखेड़ा। शासन के निर्देशानुसार बुधवार 30 सितंबर को महाविद्यालय परिसर में सेवा संकल्प अभियान एवं 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सहयोग से किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए और उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बढ़ते प्रदूषण और बदलते पर्यावरणीय परिस्थितियों के बीच अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का संदेश दिया गया। महाविद्यालय परिवार ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता की तथा भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों में भागीदारी का संकल्प लिया।

जनजातीय कार्य विभाग की कार्यप्रणाली से कर्मचारी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

दमोह। म.प्र. शासकीय लिपिकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी ने जनजातीय कार्य विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग में कार्यरत एक लिपिक को स्थापना, लेखा, राहत प्रकरण, छात्रावास शाखा सहित अन्य महत्वपूर्ण प्रभार सौंपे गए हैं, लेकिन कर्मचारियों के स्वत्व संबंधी प्रकरणों के निराकरण पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जारी डीए एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। वहीं 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नियमानुसार वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रावधान है, लेकिन एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद कई कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल सका है। कर्मचारियों द्वारा संबंधित लिपिक से संपर्क करने पर कार्य की अधिकता का हवाला दिए जाने की बात कही गई है।संघ के अनुसार, जिला संयोजक की पदस्थापना के बाद से शासन के निर्देशानुसार माह की एक तारीख को वेतन भुगतान के बजाय कई बार 5 से 8 तारीख तक वेतन का भुगतान किया जा रहा है। विभाग में सहायक ग्रेड-3, सहायक ग्रेड-2, लेखापाल सहित विभिन्न संवर्गों के पद रिक्त हैं, लेकिन पदों को भरने की कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया गया है।इसके अलावा पदोन्नति प्रक्रिया लंबित होने तथा छात्रावासों में कार्यरत अंशकालीन कर्मचारियों को पांच-पांच माह तक मानदेय नहीं मिलने से उनके सामने परिवार के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न होने की बात कही गई है। संघ ने आरोप लगाया कि आवंटन संबंधी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती और बैठकों में भी इन समस्याओं से अवगत नहीं कराया जाता। संघ के प्रांतीय संरक्षक राकेश सिंह हजारी ने जिला प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराने तथा लंबित भुगतान एवं प्रकरणों पर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए



दमोह। दमोह में दमयंती होटल पैलेस में गैस सिलेंडर फटने से आग हादसे में पीड़ित परिवारों के सदस्यों को दमोह कलेक्टर प्रताप नारायण यादव द्वारा आर्थिक सहायता के रूप में 10- 10 हजार राशि के चेक प्रदान किये। सुभाष शर्मा और वैशाली चेन्नुरबार दोनो निवासी रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम से दस-दस हजार के चेक आज कलेक्टर द्वारा सोपे गए।

मनोहर लोधी का 40 वर्ष की उम्र में निधन



बनवार। ग्राम शालापट्टी में उस वक्त शोक की कालिमा छा गई जब गांव के सीधे-सरल स्वभाव के निवासी मनोहर लोधी (पिता भूलाई लोधी, उम्र लगभग 40 वर्ष) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से गंभीर अस्वस्थता से जूझ रहे थे और आखिरकार जिंदगी और मौत की इस जंग में जिंदगी की डोर टूट गई। महज 40 वर्ष की अल्पआयु में मनोहर लोधी के असामयिक निधन से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे शालापट्टी गांव और आसपास के क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया। दिवंगत मनोहर लोधी का अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम शालापट्टी के मुक्तिधाम में पूर्ण रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। अंतिम यात्रा और दाह-संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, रिश्तेदारों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

वीरता के प्रतीक ऑरेंज रंग में तैयार किए गए आकर्षक गेट, 50 साइनेज बोर्डों से पर्यटकों को मिलेगी टाइगर रिजर्व की जानकारी

दोनों प्रवेश द्वारों का आज होगा शुभारंभ, स्कूली छात्राओं को कराई जाएगी जंगल सफारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेडा



वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व (वीडीटीआर) में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रबंधन द्वारा विशेष तैयारियां की गई हैं। गुरुवार से तीन महीने के अंतराल के बाद जंगल सफारी शुरू होने के साथ ही बीना और मोहली प्रवेश द्वारों से पर्यटकों को रिजर्व में प्रवेश मिल सकेगा। दोनों प्रवेश द्वारों को आकर्षक स्वरूप दिया गया है। इनके शुभारंभ अवसर पर शासन की बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ की भावना के अनुरूप आसपास के बफर क्षेत्र के विद्यालयों की छात्राओं को जंगल सफारी कराई जाएगी।

साथ ही उन्हें वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण के महत्व की जानकारी दी जाएगी वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के डीएफओ डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि पर्यटकों की सुविधा और क्षेत्र की पहचान बढ़ाने के लिए बीना गेट और मोहली गेट को प्रवेश के लिए तैयार किया गया है।

इन दोनों गेटों के शुभारंभ अवसर पर आसपास के बफर क्षेत्र में स्थित स्कूलों की छात्राओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। छात्राएं इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहेंगी उन्हें जंगल सफारी कराकर वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास, उनके संरक्षण और जंगल के पारिस्थितिक महत्व के बारे में बताया जाएगा

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रजनीश कुमार ने बताया कि प्रवेश द्वारों को एक विशेष सोच के साथ तैयार किया गया है। इनमें ऑरेंज रंग का उपयोग किया गया है, जो वीरता का प्रतीक है और वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम से भी जुड़ा हुआ है। गेट पर बाघ की आकृति बनाई गई है, जबकि पीछे की ओर पत्तियों से वन्यजीवों की आकृतियां उकेरी गई हैं। यह डिजाइन वन्यप्राणियों और जंगल के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। प्रवेश द्वारों के ऊपरी हिस्से में वंदनवार जैसी सजावट की गई है, जो पर्यटकों के स्वागत का संदेश देती है। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ रजनीश कुमार ने कहा कि बेटियों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ना इस पहल का महत्वपूर्ण उद्देश्य है छात्राओं को जंगल की सैर कराने के साथ संरक्षण संबंधी जानकारी दी जाएगी, जिससे उनमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी प्रबंधन की इस पहल से पर्यटन को प्रोत्साहन मिलने के साथ नई पीढ़ी को वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केंद्र बम्होरी में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन



बनवार। महिला एवं बाल विकास परियोजना जबेरा अंतर्गत आने वाले सेक्टर बम्होरी माला के आंगनबाड़ी केंद्र बम्होरी-1 में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्थानीय मातृशक्ति के बीच सीधा संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य, पोषण और शासन की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के दौरान सेक्टर सुपरवाइजर कृष्णा नामदेव ने पोषण, स्वच्छता और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बच्चों और धात्री माताओं के सही पोषण चक्र के बारे में जागरूक किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एक आकर्षक पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई, जो महिलाओं के लिए कौतूहल और सीख का केंद्र रही। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के उद्देश्य से आयुष विभाग की डॉ. श्रद्धा ठाकुर ने आयुर्वेद पद्धति के लाभों पर प्रकाश डाला और उपस्थित महिलाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग से एएनएम साधना ठाकुर ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, प्रसव उपरांत देखभाल और बच्चों के नियमित टीकाकरण चक्र का महत्व समझाया।

निर्माण कार्यों में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त, गुणवत्ता जांच और वसूली के निर्देश

सांदीपनि विद्यालयों में देरी पर 3.68 करोड़ की शास्ति, दिसंबर तक 6 भवन पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने जिले में निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालयों का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और अनियमितताओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर और आधुनिक परिसर उपलब्ध हों, लेकिन छह स्वीकृत सांदीपनि विद्यालय वर्ष 2025 में पूर्ण होने थे, जो अभी तक पूर्ण नहीं हो सके हैं। इससे विद्यार्थियों को अपेक्षित सुविधाओं का समय पर लाभ नहीं मिल पा रहा है।श्री यादव ने कहा निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितताएं सामने आने पर संबंधित निर्माण एजेंसी PIU को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में सांदीपनि विद्यालयों पर 3 करोड़ 68 लाख 18 हजार रुपये की शास्ति आरोपित की गई है, जो अब तक की सर्वाधिक शास्ति बताई गई है। उन्होंने कहा संबंधित एजेंसी को दिसंबर तक सभी छह सांदीपनि विद्यालयों का निर्माण पूर्ण कर विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगामी शैक्षणिक सत्र समय पर प्रारंभ हो सके और विद्यार्थियों को इन भवनों का लाभ मिल सके। निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर PIU के माध्यम से संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कराने की कार्रवाई भी की जाएगी।

निर्माण गुणवत्ता की जांच के भी निर्देश

कलेक्टर श्री यादव ने कहा निरीक्षण में निर्माण गुणवत्ता को

शासकीय राशि से निजी भूमि पर एसडीएम कार्यालय निर्माण का मामला, अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश

सरकारी भवन सरकारी भूमि पर ही बनेगा

लेकर भी कमियां सामने आई हैं। तकनीकी जांच के लिए संबंधित एजेंसी को टीम भेजकर परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्माण सामग्री के सैंपल PWD के कार्यपालन यंत्री को भी दिए गए हैं। सैंपलों को बिना पूर्व सूचना के अन्य लैब में भेजकर गुणवत्ता परीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होना शेष है।

तेंदूखेड़ा एसडीएम कार्यालय निजी भूमि पर निर्माण का मामला सामने आया

कलेक्टर ने कहा तेंदूखेड़ा में 1 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत SDM कार्यालय भवन के निरीक्षण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि भवन का निर्माण निजी भूमि पर किया जा रहा था। मामले में नियमों के पालन में लापरवाही पाए जाने पर EE, PIU, SDO और सब-इंजीनियर सहित संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विभाग प्रमुख को पत्र लिखा गया है। उन्होंने कहा शासकीय राशि का उपयोग निर्धारित शासकीय भूमि पर शासकीय भवन के निर्माण के लिए ही किया जाना चाहिए। संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना था कि निर्माण से पहले आवश्यक NOC, खसरा-नक्शा और भूमि संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी हों। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा स्वीकृत राशि का उपयोग निर्धारित शासकीय भूमि पर भवन निर्माण में ही किया जाए। इस प्रकरण में हुई क्षति अथवा संभावित वित्तीय नुकसान की वसूली संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति से की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो।

PIU की जवाबदेही तय

श्री यादव ने स्पष्ट किया कि शासन ने सरकारी भवन के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की है और भवन का निर्माण शासकीय भूमि पर कराना PIU की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही है। निजी भूमि पर निर्माण क्यों और कैसे हुआ, इसकी जिम्मेदारी तय कर संबंधित से वसूली की कार्रवाई PIU को अपने स्तर पर करनी होगी। साथ ही निर्धारित शासकीय भूमि पर भवन निर्माण पूर्ण कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर बीमा क्लेम खारिज करना पड़ा भारी

जिला उपभोक्ता आयोग का फैसला: वाहन मरम्मत राशि, मानसिक परेशानी और प्रकरण खर्च सहित 47,312 रुपये दें और 8% ब्याज भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त स्विफ्ट कार के बीमा क्लेम को सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर अस्वीकार करना बीमा कंपनी को भारी पड़ गया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, दमोह ने बीमा कंपनी को परिवादी को 47,312 रुपये अदा करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उक्त राशि पर परिवाद प्रस्तुत किए जाने की तारीख से 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा। मामले में परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता राजीव बद्री सिंह ठाकुर और सहयोगी वैभव नायक द्वारा की गई। मामला इस प्रकार है परिवादी की स्विफ्ट कार से जुड़ा है। परिवादी की कार 5 मई 2025 को सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। वाहन को सर्विस सेंटर की सहायता से दमोह लाया गया तथा दुर्घटना की सूचना बीमा कंपनी रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दी गई। बीमा कंपनी के सर्वेयर समीर यादव ने सर्विस सेंटर पहुंचकर वाहन का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट कंपनी को प्रस्तुत की। परिवादी ने इसके बाद वाहन की मरम्मत कराई, जिसमें करीब 41 हजार रुपये खर्च हुए।

सर्वेयर ने अपनी रिपोर्ट में नुकसान का कम मूल्यांकन किया तथा वाहन की क्षति को दुर्घटना में बताए गए तरीके से होना नहीं माना। सर्वेयर की रिपोर्ट के आधार पर बीमा कंपनी ने बाहर सुधरवाने के 2 माह बाद बीमा दावा निरस्त कर दिया। दावा निरस्त होने के बाद परिवादी ने अधिवक्ता राजीव बद्री सिंह ठाकुर के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग में परिवाद प्रस्तुत किया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की ओर से साक्ष्य और तर्क प्रस्तुत किए गए। आयोग के अध्यक्ष ऋषभ सिंघई एवं सदस्य राजेश ताम्रकार ने मामले में प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों का परीक्षण करने के बाद बीमा कंपनी द्वारा परिवादी का दावा अस्वीकार किए जाने को सेवा में कमी माना। आयोग ने वाहन क्षति की राशि के साथ परिवादी को हुई परेशानी तथा प्रकरण व्यय की राशि मिलाकर कुल 47,312 रुपये देने का आदेश पारित किया। आयोग ने यह भी निर्देशित किया कि उक्त राशि का भुगतान परिवाद प्रस्तुत किए जाने की दिनांक से 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित किया जाए। इस निर्णय से बीमा दावा अस्वीकार किए जाने के विरुद्ध उपभोक्ता द्वारा अपनाए गए कानूनी उपाय को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गोदनामा अवैध, अपर कलेक्टर कोर्ट ने खारिज की अपील

दमोह। 1000 रुपये के स्टाम्प पेपर पर तैयार किए गए गोदनामा से संबंधित चर्चित मामले में अपर कलेक्टर न्यायालय, जिला दमोह ने महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए अपील याचिका क्रमांक 072/वर्ष 2026-27 को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने बाल कल्याण समिति (CWC) दमोह द्वारा पारित आदेश को यथावत रखते हुए नवजात बच्ची को फिलहाल संस्थागत संरक्षण में रखने के निर्देश दिए हैं। प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा 3 अगस्त 2026 को पारित आदेश के तहत कलेक्टर दमोह को 60 दिवस में अपील का निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद अपर कलेक्टर न्यायालय में मामले की सुनवाई की गई।

CWC ने कराई थी रेस्क्यू और काउंसलिंग

बाल कल्याण समिति दमोह द्वारा मामले में संबंधित पक्षकारों की सुनवाई की गई। इसके बाद थाना प्रभारी हटा को पत्र जारी कर नवजात बच्ची को रेस्क्यू कराया गया। समिति के सदस्यों द्वारा 29 मई 2026 को नाबालिग पीड़िता की काउंसलिंग भी की गई, जिसका उल्लेख **CWC** की आदेश पत्रिका में किया गया है। बच्ची के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए बाल कल्याण समिति ने किशोर न्याय अधिनियम के तहत प्रारूप-18 में आदेश पारित कर उसे मामले के अंतिम निराकरण तक अस्थायी रूप से सागर स्थित मातृछाया शिशुगृह सेवा भारती में रखने का निर्णय लिया था।

गोदनामा की प्रक्रिया पर उठे सवाल

न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों के परीक्षण में गोदनामा की प्रक्रिया में कई कमियां सामने आने की बात कही गई। आदेश के अनुसार, 5 सितंबर 2025 को निष्पादित गोदनामा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं पाया गया। प्रकरण में यह भी उल्लेख किया गया कि गोदनामा तैयार किए जाने के समय जैविक मां नाबालिग थी। इसके अलावा, दत्तक ग्रहण से संबंधित निर्धारित पात्रता मानकों को लेकर भी न्यायालय के समक्ष सवाल उठे।

अपर कलेक्टर न्यायालय ने अपीलार्थी के तर्क, बाल कल्याण समिति के जवाब तथा मूल अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद **CWC** के आदेश में हस्तक्षेप आवश्यक नहीं माना। न्यायालय ने बच्ची के भविष्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे तत्काल किसी निजी पक्ष के सुपुर्द किए जाने के बजाय संस्थागत संरक्षण में रखने के निर्णय को बरकरार रखा।

न्यायालय ने बाल कल्याण समिति के 30 मई 2026 के आदेश को स्थिर रखते हुए निर्देश दिया कि बच्ची को समिति की अभिरक्षा में रखते हुए किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार दीर्घकालिक संरक्षण एवं पुनर्वास के लिए विशेषज्ञता प्राप्त दत्तक ग्रहण अभिकरण में भेजने की कार्रवाई नियमानुसार की जाए। इस आदेश के साथ अपर कलेक्टर न्यायालय ने अपील का निराकरण करते हुए बाल कल्याण समिति के पूर्व आदेश को बरकरार रखा है।

कांग्रेसियों ने किया मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन



दमोह। लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिये मतदाता सूचियों मे कथित गड़वड़ी एवं चुनावी प्रक्रिया से जुड़े गंभीर मसलो के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त पी.एम. मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के पुतले पुलिस को चकमा देकर जलाये गये। जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि सी.ई.सी. ने कई राज्यों में वोट चोरी करके भाजपा की सरकारे बनवा दी। जिसका पर्दाफाश हो गया उनके साथ पी.एम. मोदी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि एस.आई.आर. प्रक्रिया को तत्काल रोका जायें। वोटर लिस्ट ने हटाये गये 13 करोड़ 30 लाख नामों को वापिस जोड़ा जाये। दमोह प्रभारी अतुल बाजपेई, पथरिया प्रभारी संजय पटेल, पूर्व मंत्री राजा पटैरिया, पूर्व विधायक प्रताप सिंग, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन, मनु मिश्रा, नितिन मिश्रा ने भी धरना को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपाइयों का स्तर इतना गिर गया है। चंदा चोरी और सत्ता पाने के लिये वोट चोरी करवा रही है इनका नकाब उतर चुका है। लक्ष्मण सींग, प्रदीप खटीक, ब्रजेन्द्र सींग, वीरेन्द्र दबें तिलक सींग, पदम यादव, प्रदीप पटैल, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, रजनी ठाकुर, रोहन पाठक, के.के. वर्मा, सुषमा विक्रम ठाकुर, शाहिद नूर, बबलू भटट, बसंत कुशवाहा, अमर सींग, शमीम कुरैशी, दृगपाल सींग, प्रवीण राय, डी.पी. पटेल, प्रवेन्द्र चंद्राकर, कमला निषाद, संध्या लोधी, सविता पटैल, मंजीत यादव, दिनेश रैकवार, अरविन्द अवस्थी, आशुतोष शर्मा, अरूण दुबे, अजय जाटव, अभिषेक डिम्हा, नौशाद खान, आशुतोष शर्मा, एके. चिश्ती, ने कहा कि गांधी के गोरो की नींव हिला दी थी और अब राहुल गांधी ने बोट चोरो की सत्ता हिला दी नींदे हराम कर दी है। जबेरा से गोविन्द तिवारी, अखिलेश सोनी, तेन्दूखेड़ा से नीलेश यादव, तुला यादव, मोहन सींग, पथरिया से भरत श्रीवास्तव, प्रदीप पटैल, पिंकी दुबे, रत्नेश सोनी, हटा से योगेश सराफ,पटैरा से नन्दे चौरसिया, गनपत कोरी, भरत ताम्रकार, दमोह ब्लाक से वीर सिंह सुनील लोधी, संजु अहिरवार, खेमचंद नामदेव, रामलाल सतपारा, ने भी धरना को संबोधन करते हुए कहा कि भाजपा अंतिम सांसे गिन रही है।

उदयपुरा के आदिवासियों ने वन मण्डल अधिकारी से अपनी भूमि वापिस मांगी

हिण्डोरिया। जन संगठन एकता परिषद के साथ ग्राम उदयपुरा पंचायत बछामा ब्लॉक हटा के आदिवासियों ने वन विभाग दमोह जाकर डीएफओ ईश्वर जरांडे को अपना आवेदन पत्र दिया।श्री जरांडे ने आवेदन पत्र पर जांच कर न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इस बारे मे म. प्र. एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि ग्राम उदयपुरा के किसन गौड़, मलखान गौड़, सोने गौड़,गनपत गौड़ आदि को वनाधिकार कानून के तहत विधिवत वनाधिकार पत्र मिले थे। उक्त वर्षों से काबिज विधिवत वन पत्र प्राप्त आदिवासियों की कृषि भूमि पर पन्ना टाईगर रिजर्व बफरजोन प्रबन्धन एवं वन विभाग के अधिकारियों एवं वन कर्मियो व्दारा जबरन एवं अवैधानिक ढंग से नर्सरी लगा दी गई है। जबकि उक्त भूमि पर इन गरीब, भोले भाले आदिवासियों ने कुआँ निर्माण, मेढ़बंदी, भूमि सुधार जैसा कार्य भी कर लिया था। पीड़ित आदिवासियों ने मामले की जांच कर दोषियों पर शीघ्र कानून सम्मत कार्यवाही कर छीनी गई कृषि भूमि वापिसी की मांग की है। वन विभाग दमोह के डीएफओ ईश्वर जरांडे ने ज्ञापन पत्र पर जांच कराकर न्याय दिये जाने का भरोसा दिया है। पूर्व मे कलेक्टर को भी पीड़ितों ने ज्ञापन दिया था।

दिन से लापता महिला का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला

तेंदूखेड़ा। थाना अंतर्गत के ग्राम बगदरी में दो दिन से लापता एक महिला का शव बुधवार सुबह गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में पेड़ से लटका मिला है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई मृतका की पहचान राधा गोंड (42), पति बद्री प्रसाद, निवासी ग्राम बगदरी थाना तेंदूखेड़ा के रूप में हुई है पुलिस ने मौके से पहुंचकर शव को पेड़ से उतारकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु तेंदूखेड़ा भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, राधा गोंड 28 सितंबर की शाम से घर से लापता थी। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिलने पर 29 सितंबर को तेंदूखेड़ा थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद भी महिला का कोई पता नहीं चल सका। बुधवार, 30 सितंबर की सुबह परिजनों और ग्रामीणों ने महिला की तलाश में गांव के आसपास और जंगल क्षेत्र में खोजबीन शुरू की। इसी दौरान गांव से करीब एक किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ पर महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। इसके बाद तत्काल तेंदूखेड़ा पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों के अनुसार, महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। हालांकि, महिला ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है ।

इस संबंध में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी सरोज ठाकुर ने बताया कि एक दिन पहले परिजनों द्वारा थाने में महिला की गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी बुधवार को परिजनों ने सूचना दी कि महिला का शव जंगल में पेड़ से लटका हुआ मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक कार्रवाई की है फिलहाल मामले की जांच जारी है।

विधायक मलैया ने शिक्षा के उन्नयन को लेकर स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से की सौजन्य भेंट



दमोह। दमोह विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था के उन्नयन एवं विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दमोह विधायक जयंत मलैया ने स्कूल शिक्षा विभाग के मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से सौजन्य भेंट कर विभिन्न विकास कार्यों एवं विद्यालयों की आवश्यकताओं के संबंध में चर्चा की गई। वर्ष 2026-27 के लिए दमोह विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में नवीन भवन एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण की मांग रखी गई। इनमें ग्राम पिपरिया केवलारी प्राथमिक शाला एवं ग्राम बांदकपुर माध्यमिक शाला के नवीन भवन सहित ग्राम लक्ष्मणकुटी (खजरी) उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम जमुनिया (इमलियाघाट) के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, इमलियाघाट उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक विद्यालय, सोमखेड़ा एवं बलारपुर माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह नगर तथा कच्चा सिंधी कैंप कन्या माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की आवश्यकता से भी अवगत कराया गया। भेंट के दौरान दमोह विधानसभा क्षेत्र में एक नवीन उत्कृष्ट विद्यालय एवं दो सांदीपनि विद्यालयों की स्वीकृति की मांग भी रखी गई। बताया गया कि दमोह विधानसभा क्षेत्र में दमोह एवं दमयंती नगर दो तहसील, 89 पंचायत तथा 39 वार्ड हैं और यहां लगभग तीन लाख से अधिक आबादी निवासरत है। विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए वर्तमान में स्वीकृत विद्यालयों की संख्या बढ़ाए जाने की आवश्यकता बताई गई। इस अवसर पर शिक्षा सुविधाओं के विस्तार, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने पर जोर दिया गया। "शिक्षा ही विकास का आधार है" के संकल्प के साथ क्षेत्र में शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

किसानों को फसल बीमा का नहीं मिल रहा लाभ

गैसाबाद। अति वर्षा के चलते एक ओर जहां किसानों की फासले नष्ट हो जाने के कारण किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर बैंकों द्वारा किसानों को अभी तक फसल बीमा की राशि मुहैया कराए जाने के विषय पर कोई प्रोग्रेस नहीं करना किसानों के लिए चिंता का विषय बन रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार किसान जब अपनी खेती करने के लिए बैंकों से किसान क्रेडिट कार्ड बनवा कर अपनी जमीन पर कर्ज लेता है तब बैंकों द्वारा किसानों से फसल बीमा किए जाने के नाम पर राशि वसूल की जाती है, लेकिन जब किसान की फसल बर्बाद हो जाती है नष्ट हो जाती है तब किसानों को बैंकों द्वारा फसल बीमा राशि दिए जाने में हीला हवाली क्यों? की जाती है। किसानों ने हरिभूमि को बताया कि हम लोग किसान क्रेडिट कार्ड पर ग्राम की मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक एवं सेवा सहकारी समिति से अपनी जमीन पर कर्ज लेते हैं। उस समय बैंक के अधिकारियों द्वारा हमसे फसल बीमा कराए जाने के नाम पर राशि तो वसूल की जाती है, लेकिन जब हमारी फसल नष्ट हो जाती है तब हमें सरकार द्वारा फसल बीमा की राशि मुहैया क्यों नहीं कराई जाती हम फसल बीमा की राशि पाने के लिए दर-दर भटकते रहते हैं, लेकिन हमारी सुनने वाला कोई नहीं होता कृषक विजय कुमार जैन हकाई पटेल विक्रम विश्वकर्मा प्रकाश पटेल आदि किसानों ने हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव को बताया कि अति वर्षा के कारण हम लोगों की बरसात की फैसले नष्ट हो चुकी हैं जिसके कारण हम लोगों को आर्थिक रूप से हानि हुई है।



ध्रुव उपाध्याय की भोपाल बटालियन में नियुक्ति होने पर हर्ष

गैसाबाद। एक छोटे से गांव ग्राम कचनारी के मूल निवासी ध्रुव उपाध्याय पिता परषोत्तम उपाध्याय उम्र 20 वर्ष का चयन पुलिस विभाग में 7 th बटालियन भोपाल में सब इंस्पेक्टर के पद पर हो जाने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ध्रुव की नियुक्ति पर उनके पिता परसोत्तम उपाध्याय बड़े भाई जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पंडित गोलू उपाध्याय एवं ग्राम वासियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई। ग्रामीण क्षेत्र के एक छोटे से गांव के युवक का बटालियन में भोपाल जैसे शहर में सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्त होना क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर हरिभूमि संवाददाता कृष्णगोपाल श्रीवास्तव ने भी ध्रुव उपाध्याय को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

यातायात व्यवस्था संभालने में विभाग नाकाम

निर्माणाधीन सड़क पर दोनों ओर खड़े हो रहे वाहन अंधियारा बगीचा से खचना नाका तक हालात बदतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर में यातायात की स्थिति बदहाल पड़ी हुई है जहां एक ओर नव निर्माणाधीन सड़क से लोग परेशान हो रहे है वहीं दूसरी ओर व्यस्तम मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें सड़क पर देखने को मिल रही है जिससे यातायात तो बाधित हो ही रहा है साथ सड़को पर आवागमन के चलते वाहन चालको का कभी भी इस सड़क पर रखे वाहनों से हादसा घटित हो सकता है। कई दिनो से वाहनों की चेकिंग का सिलसिला जारी है जिसमें नगर के पन्ना नाका दमोह नाका एवं चिरौल तिगड्डा पर आये दिन पुलिस चेकिंग अभियान चलाकर लोगो को यातायात के नियमो का पाठ पढ़ाते



हुए सावधानी बरतने एवं वाहनों के दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जाती है तो दूसरी ओर नगर के अंधियारा बगीचा से लेकर खचना नाका चंडी जी मंदिर तक मार्ग के दोनो ओर खड़े हो रहे वाहनों से यातायात प्रभावित हो रहा है उस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते सड़क पर वाहनों के खड़े होने से क्षेत्रवासियों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हालात ऐसे हैं कि दो-लेन सड़क बनने के बावजूद ट्रैफिक की समस्या जस की तस बनी हुई है। सुबह से लेकर शाम तक अंधियारा बगीचा से खचना नाका तक की दुकानों और सड़क किनारे अवैध पार्किंग के चलते वाहनों की कतारें लग जाती हैं। खासतौर पर कार्यालय समय और स्कूल छुट्टी के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है। भारी वाहन बीच सड़क पर खड़े हो जाते हैं, जिससे दोनों ओर का यातायात प्रभावित होता है। कई बार एंबुलेंस और आपातकालीन वाहनों को भी जाम में फंसते देखा गया है। वहीं सड़क के किनारे खड़े होने वाले वाहनों के ऊपर पुलिस द्वारा कभी-कभी मुहिम छेड़ी जाती थी लेकिन यातायात की व्यवस्था देखने वाले सुधारनें का प्रयास न कर पाने की वजह से व्यस्ततम सड़क पर दिन में कई बार दुर्घटनाओं की नौबत बनीं रहती है।

जन्मोत्सव सुनने से नहीं, मनाने से फल मिलता है-रसदास जी महाराज



दमोह। शहर के हृदयस्थल घंटाघर समीप स्थित श्री देव जानकी रमण बूंदाबहु मंदिर के मानस भवन में पितृपक्ष के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथा व्यास श्री राजेंद्र दास जी महाराज के कृपापात्र महाराज रसदास जी ने विस्तार से बताते हुए कहा कि पितृपक्ष में श्रीमद् भागवत कथा सुनने से पितरों को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।कथा के चतुर्थ दिवस बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर उन्होंने कहा कि भागवत कथा का यह सबसे महत्वपूर्ण दिन है। जन्मोत्सव केवल सुनने से नहीं, मनाने से फल मिलता है।महाराज जी ने कहा कि भगवान का जन्म बाहर नहीं, बल्कि तुम्हारे हदय में होना चाहिए। जिस दिन तुम्हारे अंदर से अहंकार, ईर्ष्या और द्वेष खत्म हो जाए, समझो तुम्हारे यहाँ कृष्ण का जन्म हो गया।उन्होंने कहा कि नंद घर आनंद भयो ये केवल नंद का नहीं, तुम्हारा भी उत्सव है। जब कथा में कृष्ण जन्म होता है तो सारा ब्रह्मांड खुश होता है, गोकुल में बधाइयां बंट रही हैं। अगर तुम भी अपने मन में वात्सल्य और प्रेम लेकर ताली बजाओगे, तो तुम्हारे सारे पाप और दुख उसी ताली के साथ खत्म हो जाएंगे। भागवत का जन्मोत्सव मोक्ष का द्वार है।महाराज जी ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में शामिल होता है, नाचता है, बधाई गाता है, उसके 7 जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। क्योंकि भगवान का जन्म ही भक्तों के उद्धार के लिए होता है। कृष्ण को बाहर मत ढूंढो। भागवत सुनकर अगर तुम्हारे आचरण में, तुम्हारे व्यवहार में, तुम्हारी वाणी में मधुरता नहीं आई, तो समझो तुमने कथा सुनी ही नहीं। जन्मोत्सव का अर्थ है — तुम्हारे भीतर एक नए, सात्विक, प्रेममय जीवन का जन्म।